# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दतिया (म.प्र.)

क./एल.ए.डी.सी.एस./जिविसेप्रा/113 /2025 दतिया, दिनांक 26/05/2025

**//सार्वजनिक सूचना//**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की संशोधित लीगल एड डिफेंस काउसिंल स्कीम, 2022 अंतर्गत लागू नियम एवं शर्ते एवं वेतन/मानदेय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय दतिया में संचालित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम अंतर्गत मुख्यालय दतिया हेतु **ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क 01 पद, मासिक वेतन 14000/– रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर 01 पद मासिक वेतन 13000/– तथा ऑफिस प्यून के 01 पद मासिक वेतन 11,000/– पर एक वर्ष की संविदा आधार पर निर्धारित प्रपत्र में योग्य एवं पात्र इच्छुक उम्मीदवारों से केवल ऑफलाईन माध्यम से आवेदन आमत्रिंत किये जाना है।**

उक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति के संबंध में जारी दिशा निर्देश, विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय दतिया की आधिकारिका वेबसाईट https://datia.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/ पर उपलब्ध होकर डाउनलोड की जा सकती है।

अतः आप सभी को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अर्ह आवेदकगण उक्त योजना विज्ञापन एवं दिशा–निर्देश के आलोक में अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित **अंतिम तिथि, 25.06.2025 तक कार्यालयीन समय सांय 05.30 बजे के पूर्व आवश्यक रूप से श्रीमान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया को संबोधित करते हुए पताः ए.डी.आर. भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, दतिया पिन – 475661 पर स्वंय उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। आवेदक स्वंय का पूर्ण निवास पता एवं मोबाईल नंबर लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना आवेदक को दी जावेगी। विस्तृत जानकारी हेतु विज्ञापन जिला न्यायालय कि आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसे वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।**

26/5/25

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दतिया,(म.प्र.)

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दतिया (म.प्र.)

क./एल.ए.डी.सी.एस./जिविसेप्रा/114/2025 दतिया, दिनांक 26/05/2025

**//भर्ती विज्ञप्ति//**

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की संशोधित लीगल एड डिफेंस काउसिंल स्कीम, 2022 अंतर्गत लागू नियम एवं शर्ते एवं वेतन/मानदेय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय दतिया में संचालित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम अंतर्गत मुख्यालय दतिया हेतु **ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क 01 पद, मासिक वेतन 14000/–, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर 01 पद मासिक वेतन 13000/– तथा ऑफिस प्यून के 01 पद मासिक वेतन 11,000/– पर एक वर्ष की संविदा आधार पर निर्धारित प्रपत्र में योग्य एवं पात्र इच्छुक उम्मीदवारों से केवल ऑफलाईन माध्यम से आवेदन आमन्त्रित किये जाते है।**

| क्र. | विवरण | प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | **आवेदन करने की प्रारम्भ तिथि** | **27-05-2025** |
| 2 | **आवेदन करने की अंतिम तिथि** | **25-06-2025** |
| 3 | **आवेदन पत्रों की छटनी एवं योग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की तिथि** | **07-07-2025** |
| **4** | <u>अनुवीक्षण/साक्षात्कार</u> दिनांक | **बाद में अधिसूचित किया जाएगा।** |

**<u>पदनाम, वेतनमान और अर्हतायें:–</u>**

| पदनाम | कुल पद | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| ऑफिस असिस्टेंट | 1 | 14000/– | 01. मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातक की उपाधि हो<br>02. आवेदक सी.पी.सी.टी. का वैध प्रमाण–पत्र का धारक हो<br>03. अभिलेख के संधारण एवं उसकी प्रासेसिंग का ज्ञान।<br>04. मौखिक एवं लिखित संसूचना की उत्कृष्ट योग्यता।<br>05. सामान्य वर्ड प्रोसेसिंग स्कील एवं कप्यूटर को संचालित करते हुये उसमें डाटा की एंट्री किये जाने हेतु आवश्यक स्कील।<br>06. आवेदनों/याचिकाओं की समुचित सेटिंग के साथ 40 वर्ड प्रति मिनट की टाईपिंग स्पीड।<br>07. ईमेल, टेलीफोन, फैक्स एवं अन्य टेली कम्यूनिकेशन सिस्टम पर कार्य करने की योग्यता। |
| रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 1 | 13000/– | 01. मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातक की उपाधि हो<br>02. आवेदक सी.पी.सी.टी. का वैध प्रमाण–पत्र का धारक हो<br>03. अभिलेख के संधारण एवं उसकी प्रासेसिंग का ज्ञान।<br>04. मौखिक एवं लिखित संसूचना की उत्कृष्ट योग्यता।<br>05. सामान्य वर्ड प्रोसेसिंग स्कील एवं कप्यूटर को संचालित करते हुये उसमें डाटा की एंट्री किये जाने हेतु आवश्यक स्कील।<br>06. आवेदनों/याचिकाओं की समुचित सेटिंग के साथ 40 वर्ड प्रति मिनट की टाईपिंग स्पीड।<br>07. ईमेल, टेलीफोन, फैक्स एवं अन्य टेली कम्यूनिकेशन सिस्टम पर कार्य करने की योग्यता। |
| प्यून | 1 | 11000/– | 8वीं कक्षा मान्यता प्राप्त <u>बोर्ड/केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/सक्षम</u> प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त विघालय से उत्तीर्ण। |

**<u>टीप:–</u>** आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय आवेदक को उपरोक्तानुसार दर्शित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हतायें आवेदन की अंतिम तिथि तक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**<u>सभी पदों के लिये आयु सीमा–(दिनांक 27-05-2025 की स्थिति में)</u>**

समस्त अभ्यर्थियो के लिए दिनांक 27.05.2025 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष आयु पूर्ण होना आवश्यक है। ऑफिस अस्सिटेंट के लिये आवेदक जिला विधिक सेवा <u>प्राधिकरण/न्यायिक</u> विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण होने की स्थिति में

अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी तथा ऑफिस प्यून के लिए आयु अधिकतम 40 वर्ष होगी।

## – चयन एवं अभ्यर्थिता के संबंध में अन्य आवश्यक योग्यता/अर्हता एवं जानकारी –

➢ ऐसा अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए अपात्र होगा/होगी जो निम्न में से कोई हो –

1. उम्मीदवार जो नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया हो।
2. उम्मीदवार जिसके एक से अधिक पति या पत्नियां (जैसी भी स्थिति हो) है। इसी प्रकार उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी या पति (जैसी भी स्थिति हो) जीवित हो।
3. जो मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं पाये जाये।
4. जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया हो।
5. जिसकी दो से अधिक संतान है, जिनमें एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है (परंतु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या अधिक संतान का जन्म होता है)।

➢ केन्द्र या राज्य सरकार के या केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारी या भारत के किसी भी न्यायालय द्वारा या स्थानीय प्राधिकारी या सरकारी निगम द्वारा या केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले नियंत्रित व्यक्ति द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा।

➢ अभ्यर्थी किसी भी पद हेतु किसी भी स्थापना में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा यदि उसके विरूद्ध किसी कार्यालय में विभागीय जाँच लंबित हो।

➢ अभ्यर्थी को केन्द्रीय या संघ या किसी राज्य के लोक सेवा आयोग या उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में भाग लेने से अनर्हरित किया गया हो।

➢ अभ्यर्थी किसी प्रकार के अनैतिक क्रियाकलाप में संलग्न रहा हो/दोषसिद्ध पाया गया हो।

➢ यदि अभ्यर्थी के द्वारा किसी क्रियाकलाप या कार्यक्रम में भाग लिया गया है या संबद्धता रही है–

(एक) जिसका ध्येय भारत के संविधान को क्षति पहुंचाने का रहा हो,

(दो) जिसका ध्येय संगठित होकर विधि की अवज्ञा या भंग कर हिंसा कारित करना हो,

(तीन) जो भारत की संप्रभुता व अखण्डता या राज्य की सुरक्षा के हितों पर पूर्वाग्रह कारित करता हो,

(चार)जो धर्म, वंश, भाषा, जाति या संप्रदाय के आधार पर विभिन्न वर्गों के मध्य शत्रुता या घृणा की भावना को प्रोत्साहित करता हो।

➢ यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन की शर्तें पूरी न करते हुये भी आवेदन प्रस्तुत करता है या उसका आवेदन त्रुटिपूर्ण पाया जाता है अथवा उसमें असत्य/अपूर्ण जानकारी दी है अथवा कोई जानकारी नहीं दी है अथवा किसी जानकारी को छिपाया है, तो संज्ञान में आते ही किसी भी स्तर/प्रक्रम पर उसका प्रवेश, चयन और उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

➢ इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन–पत्र बहुत सावधानी से भरें, आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कोई प्रावधान नहीं है. इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को नस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

- यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका हो, तो निर्णय/संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक व दिनांक आदि की जानकारी अनिवार्यतः दें। यदि कोई अभ्यर्थी आवेदन–पत्र में पंजीबद्ध अपराध या दाण्डिक प्रकरण की जानकारी छिपाता है या असत्य जानकारी देता है, तो किसी भी समय संज्ञान में आने पर तत्काल उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।
- निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिये विवर्जित कर दिया जाएगा–
  1. जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये भर्ती हेतु किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो, या
  2. प्रतिरूपण (इम्परसोनेशन) किया हो या कराया हो, या
  3. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो, या
  4. चयन के किसी भी स्तर पर दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में, असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो, या
  5. साक्षात्कार में प्रवेश पाने के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो, या
- साक्षात्कार के संचालन में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुँचायी हो या किसी तरीके से दुर्व्यवहार किया हो, या
- अभ्यर्थियों को दिये गऐ निर्देशों या अन्य अनुदेशों, जिनमें साक्षात्कार के संचालन में लगे केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दी गई हिदायतें भी शामिल हैं, का उल्लंघन किया हो, या
- साक्षात्कार भवन में चिल्लाना, बोलना, कानाफूसी करना, इशारे करना व अन्य प्रकार से सम्पर्क साधना, या
- साक्षात्कार में अपने पास किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री रखना, जैसे मोबाइल फोन, कैमरा लगा कोई उपकरण या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक और संचार उपकरण प्रतिबंधित है।
- चयन प्रकिया को संशोधित करने या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय चयन समिति को होगा।
- आवेदक को साक्षात्कार/स्क्रीनिंग की सूचना उनके द्वारा आवेदन में उल्लेखित ईमेल आई.डी. के माध्यम से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया के सूचना पटल पर दी जावेगी। अतः आवेदक समय–समय पर अपने ईमेल की जॉच करते रहें, सूचना न मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया की कोई जवाबदारी नहीं होगी।
- साक्षात्कार एवं कम्प्यूटर/टायपिंग दक्षता में सम्मिलित अभ्यर्थियों अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दतिया के सूचना पटल पर प्रकाशित कर दिये जायेंगे। पृथक से इस संबंध में कोई सूचना जारी नहीं की जायेगी।

## – <u>चयन प्रक्रिया</u> –

1. योग्य अभ्यर्थियों में से अंतिम चयन, राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की संशोधित लीगल एड डिफेंस काउसिंल स्कीम, 2022 अंतर्गत गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा

2. ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क के पद हेतु चयन समिति के द्वारा उक्त पद हेतु उपस्थित अभ्यर्थी के साक्षात्कार के साथ ही अभ्यर्थियों को एक मिनट में 40 वर्ड प्रति मिनट के अनुसार डिक्टेशन देकर, उक्त डिक्टेशन अनुसार टाईप किये गये

मेटर में शब्दों की संख्या में मापदण्ड के अनुसार, कुल टाईप किये गये शब्दों की संख्या में से, उक्त मेटर का प्रिन्ट ऑउट निकलवाकर, उक्त मेटर में टाईपिंग की अशुद्धियों में प्रत्येक अशुद्धि पर 01 अंक कम किया जाकर अभ्यर्थीगण द्वारा प्राप्त, किये गये अंको की सूची पर भी चयन समिति के सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा।

नोट– जिला न्यायालय के अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण के संबध में चयन समिति के द्वारा उनके कार्य करने की मानसिक एवं शारीरिक क्षमता को भी दृष्टिगत रखा जायेगा।

03 ऑफिस प्यून का चयन– चयन समिति के द्वारा ऑफिस प्यून के साक्षात्कार के समय उसके कार्य के अनुभव, आज्ञाकारिता, आचरण एवं ऐसी अन्य कोई जानकारी जो चयन समिति की दृष्टि में उक्त अभ्यर्थी के चयन हेतु आवश्यक हो, पर विचार करते हुये चयन कार्यवाही संपादित की जाएगी।

04. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक के पश्चात साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाएगा।

05. आवेदन पत्रों की छंटनी उपरांत साक्षात्कार हेतु योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों को टेलीफोनिक/ईमेल के माध्यम से तथा योग्य अभ्यर्थियों की सूची चस्पा किये जाने के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दतिया के सूचना पटल पर चस्पा कर दी जायेगी।

06. साक्षात्कार के समय, साक्षात्कार हेतु योग्य पाये गये समस्त अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के संलग्न किये गये दस्तावेज की मूल प्रति एवं अपने छायाचित्र के संबंध में अधिकृत फोटो पहचान प्रमाण–पत्र की मूल प्रति अपने साथ लेकर आयेंगे एवं चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी।

**सूचना के अधिकार के तहत जानकारी–** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया से निर्धारित शुल्क जमा करके प्राप्त की जा सकेगी। आवेदन पत्रों (अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन को छोड़कर) व अन्य सामग्री को चयन सूची/अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक वर्ष बाद नष्ट कर दिया जायेगा।

चयन प्रकिया से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित होने पर चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। उक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति के संबंध में अधिक जानकारी हेतु विस्तृत विज्ञापन जिला न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट https://datia.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/ पर उपलब्ध होकर डाउनलोड की जा सकती है।

संलग्न आवेदन के प्रारूप।

26/5/25

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दतिया,(म.प्र.)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया

## ऑफिस असिस्टेंट हेतु आवेदन का प्रारूप

नालसा, लीगल एड डिफेंस काउसिंल मॉडिफाईड स्कीम, 2022 के अंतर्गत 01 वर्ष की संविदा आधार पर **ऑफिस असिस्टेंट हेतु** आवेदन–पत्र

आवेदन कमांक............./2025 दतिया, दिनांक..........**(कार्यालयीन उपयोग हेतु)**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | अभ्यर्थी का नाम(हिंदी में)<br><br>(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | यहां पर फोटो चिपकाएं और उस पर अपने हस्ताक्षर करें |
| 02 | पिता/पति/अन्य का नाम | |
| 03 | जन्मतिथि<br>(प्रमाण–पत्र की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 04 | 27.05.2025 को आयु वर्ष...........माह...........<br>दिवस.................. | |
| 05 | लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) | |
| 06 | श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.वर्ग).<br>प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 07 | विवाहित/अविवाहित.................................... | जीवित बच्चों की संख्या ..................... |
| 08 | दिनांक 01.01.2021 को या उसक पश्चात विवाह से आवेदक के जन्में बच्चों का विवरण | 1. नाम...................<br>जन्मतिथि.......<br>2. नाम................<br>जन्मतिथि........................<br>3. नाम.....................<br>जन्मतिथि..................... |
| 09 | शैक्षणिक योग्यता<br>(स्नातक की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 10 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन कमांक<br>(यदि हो तो पंजीयन की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 11 | स्थायी निवास का पता<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 12 | पूर्व कार्य/सेवा अनुभव/विशेष योग्यता विवरण<br>(यदि हो तो अनुभव प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 13 | आधार संख्या (स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 14 | पेनकार्ड संख्या(स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 15 | कम्प्यूटर टाईपिंग एवं स्पीड | |

| | | |
|---|---|---|
| | (यदि हो तो प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 16 | शार्ट हैण्ड ज्ञान एवं स्पीड<br>(यदि हो तो प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 17 | एम.एस.वर्ड / एक्सेल / डाटा फडिंग ज्ञान<br>(यदि हो तो प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 18 | यदि आवेदक के विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण | |

नोटः **आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया में अंतिम तिथि, 25.06.2025 तक कार्यालयीन समय सांय 05.30 बजे के पूर्व आवश्यक रूप से स्वंय अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। आवेदक स्वंय का पूर्ण निवास पता एवं मोबाईल नंबर लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना आवेदक को दी जावेगी।**

## स्वघोषणा

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि, इस आवेदन में मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपयुक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझे साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता / जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त / रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक / दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रकिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान.............. .....

दिनांक........... ...

हस्ताक्षर

नाम

संलग्नक का विवरण...........................

मो.नंबर

ईमेल आई.डी.

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया
## रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर हेतु आवेदन का प्रारूप

नालसा, लीगल एड डिफेंस काउसिंल मॉडिफाईड स्कीम, 2022 के अंतर्गत 01 वर्ष की संविदा आधार पर रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर **हेतु** आवेदन–पत्र

आवेदन क्रमांक............./2025 दतिया, दिनांक...........**(कार्यालयीन उपयोग हेतु)**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | अभ्यर्थी का नाम(हिंदी में)<br><br>(अंग्रेजी के बडे अक्षरों में) | यहां पर फोटो चिपकाये और उस पर अपने हस्ताक्षर करें |
| 02 | पिता / पति / अन्य का नाम | |
| 03 | जन्मतिथि<br>(प्रमाण–पत्र की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 04 | 27.05.2025 को आयु वर्ष...........माह..........<br>दिवस.................. | |
| 05 | लिंग (स्त्री / पुरूष / अन्य) | |
| 06 | श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अ.पि.वर्ग).<br>प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 07 | विवाहित / अविवाहित.................................... | जीवित बच्चों की संख्या ..................... |
| 08 | दिनांक 01.01.2021 को या उसक पश्चात विवाह से आवेदक के जन्में बच्चों का विवरण | 1. नाम...................<br>जन्मतिथि.......<br>2. नाम...............<br>जन्मतिथि........................<br>3. नाम.....................<br>जन्मतिथि..................... |
| 09 | शैक्षणिक योग्यता<br>(स्नातक की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 10 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक<br>(यदि हो तो पंजीयन की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 11 | स्थायी निवास का पता<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 12 | पूर्व कार्य / सेवा अनुभव / विशेष योग्यता विवरण<br>(यदि हो तो अनुभव प्रमाण–पत्र / दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 13 | आधार संख्या (स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 14 | पेनकार्ड संख्या(स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 15 | कम्प्यूटर टाईपिंग एवं स्पीड | |

| | | |
|---|---|---|
| | (यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 16 | शार्ट हैण्ड ज्ञान एवं स्पीड<br>(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 17 | एम.एस.वर्ड/एक्सेल/डाटा फडिंग ज्ञान<br>(यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 18 | यदि आवेदक के विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण | |

नोटः **आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया में अंतिम तिथि, 25.06.2025 तक कार्यालयीन समय सांय 05.30 बजे के पूर्व आवश्यक रूप से स्वंय अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। आवेदक स्वंय का पूर्ण निवास पता एवं मोबाईल नंबर लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना आवेदक को दी जावेगी।**

## स्वघोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि, इस आवेदन में मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपयुक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझे साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रकिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान....................

दिनांक.............

हस्ताक्षर

नाम

संलग्नक का विवरण............................

मो.नंबर

ईमेल आई.डी.

<u>**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया**</u>

<u>**प्यून हेतु आवेदन का प्रारूप**</u>

नालसा, लीगल एड डिफेंस काउसिंल मॉडिफाईड स्कीम, 2022 के अंतर्गत 01 वर्ष की संविदा आधार पर **प्यून हेतु** आवेदन–पत्र

आवेदन कमांक............./2025 दतिया, दिनांक..........**(कार्यालयीन उपयोग हेतु)**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | अभ्यर्थी का नाम(हिंदी में)<br><br>(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | यहां पर फोटो चिपकाए और उस पर अपने हस्ताक्षर करें |
| 02 | पिता/पति/अन्य का नाम | |
| 03 | जन्मतिथि<br>(प्रमाण–पत्र की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 04 | 27.05.2025 को आयु वर्ष...........माह..........<br>दिवस.................. | |
| 05 | लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) | |
| 06 | श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.वर्ग).<br>प्रमाण–पत्र संलग्न करें) | |
| 07 | विवाहित/अविवाहित.................................... | जीवित बच्चों की संख्या ..................... |
| 08 | दिनांक 01.01.2021 को या उसक पश्चात विवाह से आवेदक के जन्में बच्चों का विवरण | 1. नाम...................<br>जन्मतिथि.......<br>2. नाम...............<br>जन्मतिथि........................<br>3. नाम.....................<br>जन्मतिथि..................... |
| 09 | शैक्षणिक योग्यता<br>(08वीं कक्षा की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 10 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन कमांक<br>(यदि हो तो पंजीयन की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 11 | स्थायी निवास का पता<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 12 | पूर्व कार्य/सेवा अनुभव/विशेष योग्यता विवरण<br>(यदि हो तो अनुभव प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 13 | आधार संख्या (स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 14 | पेनकार्ड संख्या(स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 15 | एम.एस.वर्ड/एक्सेल/डाटा फडिंग ज्ञान | |

|  |  |  |
|---|---|---|
|  | (यदि हो तो प्रमाण–पत्र/दस्तावेज संलग्न करें) |  |
| 16 | यदि आवेदक के विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण |  |

नोटः **आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया में अंतिम तिथि, 25.06.2025 तक कार्यालयीन समय सांय 05.30 बजे के पूर्व आवश्यक रूप से स्वंय अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। आवेदक स्वंय का पूर्ण निवास पता एवं मोबाईल नंबर लिखा हुआ लिफाफा पर्याप्त टिकिटों सहित भी आवेदन के साथ संलग्न करें, जिसके माध्यम से साक्षात्कार की सूचना आवेदक को दी जावेगी।**

## स्वघोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि, इस आवेदन में मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपयुक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझे साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रकिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान...................

दिनांक...............

हस्ताक्षर

नाम

संलग्नक का विवरण...........................

मो.नंबर

ईमेल आई.डी.